नकली घी फैक्ट्री पर छापा, सरस का स्टीकर लगाकर कर रहे थे सप्लाई; पाम ऑयल भी बरामद

पाली जिले के सुमेरपुर थाना क्षेत्र के संजय नगर में मिलावटखोरी के खिलाफ खाद्य विभाग और सुमेरपुर थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की. नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा मारा. भारी मात्रा में मिलावटी सामग्री, नकली घी और पैकिंग से जुड़ा सामान बरामद किया गया है. सभी को जब्त कर लिया गया.

ब्रांडेड नाम से हो रही थी ठगी

फैक्ट्री में घटिया गुणवत्ता के पाम ऑयल और केमिकल्स की मदद से नकली घी तैयार किया जा रहा था. तैयार घी को कृष्णा, सरस और नोवा जैसे नामी ब्रांड्स के स्टीकर लगाकर टिन में पैक किया जा रहा था, जिससे बाजार में उसे असली बताकर बेचा जा सके.

44 टिन घी सी

कार्रवाई के दौरान टीम ने 44 टिन नकली घी को जब्त किया. इसके साथ ही बड़ी मात्रा में पाम ऑयल भी बरामद हुआ, जिसका उपयोग मिलावट के लिए किया जा रहा था. अधिकारियों के अनुसार, यह घी उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हो सकता था.

Source: https://rajasthan.ndtv.in/rajasthan-news/fake-ghee-factory-raided-supplying-using-saras-stickers-palm-oil-also-recovered-11364701